# Hindi Script For Audition For Male| हिन्दी स्क्रिप्ट फॉर ऑडिशन फॉर मेल

## पूर्वाभास :

हैलो दोस्तों कैसे हो सब ? बहुत दिनों क बाद आप सबके लिए एक और धमाकेदार ऑडिशन स्क्रिप्ट (**Hindi Script For Audition For Male| हिन्दी स्क्रिप्ट फॉर ऑडिशन फॉर मेल** ) लेकर आया हु |

यहा पर एक कलाकार की मन की आवाज को , उसकी व्यथा ,उसके जीवन का संघर्ष एसके बारे मे बात की गई है | रंगमंच पर एक कलाकार है जो की दर्शकोंको तथा इस समाज को कुछ कहने जा रहा है | कह रहा है की मुजे मेरे काम मे मदद ना करो, कोई बात नहीं ; पर मेरे रास्ते की रुकावट ना बने | मेरे पास जो भी है उसमे मै खुश हु और उसी मे ही मै आपका मनोरंजन करता हु | मै सिर्फ मेरी कला को जीवित रखने के लिए प्रयास कर रहा हु |

## पात्र :

मेल /फीमैल ( यह audition script कोई भी perform कर सकता है )

## समय :

२ मिनिट २० सेकंद

# Hindi Script For Audition Monologue | हिन्दी स्क्रिप्ट फॉर ऑडिशन मोनोलॉग

कलाकार, हss । सुनने या फिर देखने के लिए कितना अच्छा लगता है ना ? पर आज असल में इस कलाकार का जन्म स्वर्ग नहीं बल्कि नरक से भी भयानक है । अब सुनने वाले बहुत से कहेंगे आप तो रंगमंच के राजा है ! आपके प्रति लोगों का ढेर सारा प्यार है और आप इस तरह

की बाते ! जी हाँ हम कलाकार है रंगमंच के राजा कुछ समय ही सही हम आपको हमारे सम्मोहन मे रखते है हम जो भी कुछ अच्छा बुरा करते हैं उसे देखने के लिए मजबूर करते हैं ।

**[हमे फॉलो करे**( **Instagram** , **Facebook** , **Youtube** , **Whatspp Channel** ) ]

आप आते हो मनोरंजन करते हो और रंगमंच की और पीठ कर निकल जाते हो पर इस रंगमंच को जिवित रखने के लिए जिस कलाकार ने अपना सर्वस्व दिया है उसे उसका हक कब मिलेगा ? हम रंगभूमी की सेवा करने वाले लोग है और अगर इस रंगभूमी को जिवित रखना है तो रंगभूमी कि सेवा करने वाले सभी रंगकर्मियों को उनके सम्मान को जिवित रखना होगा ।

आज कितने ऐसे परिवार है जो कि इस रंगभूमी से जुड़े है । यहां की रोशनी के वज़ह से उनके घर में उजाला हो जाता है , यहां पर मिले दो पैसे से उनके घर में रोटी बनतीं है , यहां मिले दर्शकों के उस्फूर्त प्रतिसाद के कारन उनको अपनी जीवन में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है ।यहां सिर्फ मंच पर काम करने वाला हर व्यक्ति कलाकार नहीं कहलाता बल्कि मंच के लिए काम करने वाला हर एक व्यक्ति कलाकार कहलाता है ।

वैसे देखा जाए तों हम हमारे इस छोटेसे जग में बहुत खुश है ; दुःख सिर्फ इसी बात का है कि हमारा समाज हमें हमारे मूल्य और तत्वों से जीने का स्वातंत्र्य नाही देता । आपको अगर हमारे प्रश्न सुलझाने में दिलचस्पी नहीं तो नहीं तो कुछ मत करें पर जाती, धर्म के नाम पर बखेड़ा खडा करके हम जैसे अनेक कलाकारों का घर बर्बाद न करे।
माना कि कभी कभार किसी से गलती हो जाती है पर उस गलती को हमारा समाज एक गुनाह की तरह देखता है। आज मुझ जैसे बहुत से कलाकार है जो कि इस कुविचार के दलदल में फंस चुके है उनके सासों के घुटने का कारण ना बने ब्लकि उसे स्वातंत्र्यता से जीने की अनुमती दे और देखिए कि सारे बंधनों से मुक्त हुआ यह कलाकार और उसका अविष्कार।।एक free mind कलाकार। हा ssss ha ssss एक free mind कलाकार। ।

**[हमे फॉलो करे**( **Instagram** , **Facebook** , **Youtube** , **Whatspp Channel** ) ]

**यह भी पढे :**

**Acting Audition Script in Hindi|ऐक्टिंग ऑडिशन स्क्रिप्ट इन हिन्दी**

**Short Funny Script For Anchoring in Hindi| एंकरिंग स्क्रिप्ट इन हिंदी|**

**Website:** **www.marathiauditionscript.com**